# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1868 दिनांक 08/10/2012

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (नियमित/ए.टी.के.टी. एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) परीक्षा नवंबर–2012** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

| विवरण | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **तिथि एवं शुल्क विवरण** | **बी.एससी./ बी.एससी.(होमसाइंस)** | **बी.ए.** | **बी.कॉम.** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 10.10.2012 से 20.10.2012 तक | 10.10.2012 से 20.10.2012 तक | 10.10.2012 से 20.10.2012 तक |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1355/– | रूपये 815/– | रूपये 815/– |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1655/– | रूपये 1115/– | रूपये 1115/– |
| | एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 550/– प्रति पेपर | रूपये 550/– प्रति पेपर | रूपये 550/– प्रति पेपर |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 23.10.2012 | 23.10.2012 | 23.10.2012 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 24.10.2012 से | 24.10.2012 से | 24.10.2012 से |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | **जिला ग्वालियर, अशोकनगर एवं श्योपुर – 25.10.2012** | | | |
| | **जिला भिण्ड एवं दतिया – 26.10.2012** | | | |
| | **जिला मुरैना, गुना एवं शिवपुरी – 30.10.2012** | | | |

**नोट :– इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 एटीकेटी परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है।**

## विशेष नोट :–

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

2. उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित 60/– रूपये, भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। समस्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।

3. **समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है छात्र परीक्षा आवेदन–पत्र दुबारा से ऑनलाइन अपडेट करें और दुबारा अपडेट किया हुआ परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट कर लें। विषय–समूह में कोई गलती होती है तो इसके लिये संबंधित छात्र/प्रभारी प्राध्यापक एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।**

4. **छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जबकि आवेदन–पत्रों के साथ अर्हता परीक्षा की अंकसूची तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी किया गया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ACKNOWLEGEMENT SLIP (शुल्क जमा प्रपत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें, प्रपत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।**

5. **प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन अपडेट किये गये परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी की गयी सूची अनिवार्य रूप से परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ लगाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। जमा किये परीक्षा आवेदन–पत्र की सूची अथवा उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज सूची में किसी भी प्रकार का अंतर पाया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा, साथ ही संबंधित छात्र की परीक्षा निरस्त की जाकर उसकी सूचना आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल को भेजी जायेगी।**

6. **समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।**

7. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी। ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय को दिये जाने वाला संबंधित छात्र का अग्रेषण शुल्क नहीं दिया जावेगा।

8. स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (नियमित/एटीकेटी एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) परीक्षायें 8 नवम्बर 2012 से प्रारंभ होंगी जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में घोषित किया जा चुका है।

## स्नातक कक्षाओं हेतु विषय–समूहों का निर्धारण

(अ) कला संकाय (बी.ए.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | अंग्रेजी साहित्य/ संस्कृत/ उर्दू/ हिन्दी साहित्य/ फंक्शनल अंग्रेजी/ फंक्शनल हिन्दी |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इतिहास/ अर्थशास्त्र/ सांख्यिकी/ दर्शनशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | समाजशास्त्र/ सैन्यविज्ञान/ मनोविज्ञान/ गृहविज्ञान |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ राजनीतिशास्त्र/ चित्रकला/ संगीत, वाद्य तथा नृत्य/ गणित/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | रसायनशास्त्र/ सांख्यिकी/ भूविज्ञान/ सैन्यविज्ञान/ इलैक्ट्रोनिक्स/ कम्प्यूटर साइंस |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | गणित/ प्राणिकी/ अर्थशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | भौतिकशास्त्र/ वनस्पतिशास्त्र |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/ बायोकैमेस्ट्री/ इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/ इनवायरमेंटल साइंस |

(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | वित्तीय लेखांकन |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | व्यावसायिक संन्नियम |
| 3. | विषय समूह तृतीय | व्यष्टि अर्थशास्त्र/कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

(द) बी.एससी. (होम साइंस)

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एण्ड बेसिक न्यूट्रिशन |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इन्ट्रोडक्शन टू ह्यूमन डवलपमेंट |
| 3. | विषय समूह तृतीय | इन्ट्रोडक्शन टू एक्सटेंशन एण्ड कम्प्यूनिकेशन |

**नोटः– बी.ए./बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थी आधार पाठ्यक्रम समूह के अतिरिक्त निर्धारित चार विषय समूहों में से किन्हीं तीन विषय समूहों में से तीन विषयों का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।**

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

**कुलसचिव,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1869 दिनांक : 08/10/2012

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .................................................................. की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**